तापमान

भोपाल	23.0°	30.0°
इंदौर	22.0°	30.0°
जबलपुर	23.0°	29.0°
ग्वालियर	24.0°	32.0°
सागर	22.0°	30.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 281, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण त्रयोदशी संवत् 2083
बुधवार, 9 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... सेवा संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने जुटे युवा ...

खेल... यूएस ओपनः राइबाकिना क्वार्टर फाइनल में, झेंग से होगी...

व्यापार... सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, चांदी ...

देश-विदेश... इजरायल के खिलाफ कई मोर्चों से दबाव ...



जेन-जी झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचें: मोदी

छह हजार युवाओं से संवाद, रैंप पर चलकर पहुंचे मोदी; कौशल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दिया जोर

नईदुनिया ब्यूरो, वडोदराः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी संवाद के दौरान युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की। कार्यक्रम में करीब छह हजार युवाओं को आमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को झूठ की गूंज से गुमराह करने वाले हर चौराहे पर मिलेंगे, लेकिन युवाओं को सच्चाई के साथ खड़ा रहना चाहिए। कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से वाई आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले प्रधानमंत्री रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। मंच पर पहुंचने के दौरान संगीत भी बजाया गया। इस दौरान एक छात्र ने प्रधानमंत्री को तस्वीर भेंट की और गणपति प्रतिमा देकर उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 2800 क्ष्ठ लोमीटर से अधिक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का काम पूरा हो गया है, जो भारत के व्यापार और परिवहन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि पहले यात्री और मालगाड़ियां एक ही ट्रैक पर चलती थीं, जिससे दोनों की गति प्रभावित होती थी। अब डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर प्रतिदिन करीब 430 मालगाड़ियां चल रही हैं। उन्होंने मुंबई के जेएनपीटी से वडोदरा तक डबल स्टैक कंटेनर मालगाड़ी के संचालन का भी उल्लेख किया। इसके जरिए एक बार में 250 से अधिक ट्रकों के बराबर सामान पहुंचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने देश में रेल, सड़क, हवाई अड्डों और अन्य अधोसंरचना के विस्तार को रोजगार सृजन से जोड़ते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से नए उद्योग और व्यवसाय विकसित होते हैं। मोदी ने विनिर्माण, सौर ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कौशल विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश चिप से लेकर जहाज तक निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवाओं को कौशल और नई तकनीकों से जोड़ने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम से पहले दो संदिग्ध हिरासत में

मुंबईः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बीकेसी स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर पहुंचे एक युवक ने खुद को पीएमओ अधिकारी बताया था। उसके साथ मौजूद गार्ड के पास लोडेड रिवाल्वर मिली। मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का सातवां एडिशन 8 से 11 सितंबर तक मुंबई में हो रहा है। फेस्ट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आज दुनिया संघर्षों और अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। ऊर्जा और वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव है। यह स्थिति कई महीनों से बनी हुई है, और अप्रैल से जून की तिमाही विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रही है। ऐसे समय में, जब भारत 7.8% की दर से विकास करता है, तो विश्व को एक नया आत्मविश्वास मिलता है।

खास-खबरें

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए 11 को भारत आएंगे पुतिन

दिल्ली/मॉस्को, एजेंसीः रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। 11 सितंबर को नई दिल्ली में ब्रिक्स नेताओं की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पुतिन की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने वाली बैठक की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के संबंध उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। पेस्कोव के अनुसार, भारत और रूस के बीच होने वाले ज्यादातर भुगतान अब दोनों देशों की अपनी-अपनी मुद्राओं में किए जा रहे हैं। दोनों देशों के आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात 31 अगस्त को बिश्केक में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। पुतिन इससे पहले 4 दिसंबर 2025 को भारत आए थे। अब नौ महीने के भीतर उनकी यह दूसरी भारत यात्रा होगी।

राहुल गांधी की याचिका खारिज

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल ने 2019 में मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने निचली अदालत में मानहानि शिकायत की सुनवाई छह सप्ताह तक टालने का आदेश बढ़ा दिया है। राहुल के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल करने के लिए समय मांगा था। मामला वर्ष 2018 में राजस्थान की एक सभा में राफेल विमान सौदे को लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी से जुड़ा है। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 28 अगस्त 2019 को मानहानि शिकायत पर राहुल के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था।

विस में अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः तेलंगाना विधानसभा में मंगलवार को एक अधिकारी अचानक बेहोश होकर गिर पड़े, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पशुपालन मंत्री वकिटी श्रीहरि ने तुरंत उन्हें सीपीआर दिया और मेडिकल स्टाफ को बुलाया गया। अधिकारी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बेहतर लॉजिस्टिक्स से प्रदेश को मिलेगा वैश्विक बाजारः डॉ. यादव

- दुबई में निवेशकों से मुख्यमंत्री की बैठक, ऊर्जा, तकनीक और अधोसंरचना में निवेश पर चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऊर्जा, अधोसंरचना, लॉजिस्टिक्स और नगरीय विकास के क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क के कारण प्रदेश से देश के विभिन्न हिस्सों तक उत्पाद पहुंचाना सुगम है।

दुबई में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के तीसरे दिन मुख्यमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख निवेशकों और उद्यमियों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। उन्होंने उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों को वर्ष 2027 में मध्यप्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी आमंत्रित किया।बैठकों में ऊर्जा, तकनीक, लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन, शहरी अधोसंरचना और दीर्घकालिक निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने पोवारखेड़ा लॉजिस्टिक्स कंपोजिट हब को अंतरदेशीय लॉजिस्टिक्स के प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी बातचीत की।

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और कोल्ड चेन सुविधाओं से किसानों, एफपीओ, एमएसएमई और उद्योगों को लाभ मिलने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ने की बात कही गई। राणा होल्डिंग्स के साथ स्मार्ट विनिर्माण, डाटा सेंटर, हरित ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और ई-मोबिलिटी में निवेश पर चर्चा हुई। जेम्स एजुकेशन कंपनी ने प्रदेश के प्रमुख और विकासशील शहरों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के के-12 स्कूल परिसर स्थापित करने में रुचि दिखाई। शराफ ग्रुप ने इंदौर और पीथमपुर क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउसिंग से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश की इच्छा जताई। वीएफएस ग्लोबल के साथ भोपाल और इंदौर में वीजा आवेदन सेवाओं के विस्तार पर चर्चा हुई। वहीं चोइथराम समूह ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में सुपरमार्केट और आधुनिक किराना केंद्र स्थापित करने में रुचि दिखाई।

हिमस्खलन से 11 पर्वतारोहियों की मौत

मॉस्को, एजेंसीः रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र स्थित माउंट मिजहिरगी पर रविवार शाम हुए हिमस्खलन में 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, 33 पर्वतारोहियों का दल पहाड़ पर चढ़ाई कर रहा था, तभी अचानक भारी मात्रा में बर्फ उनके ऊपर आ गिरी। 10 पर्वतारोही सुरक्षित नीचे उतर आए, जबकि 6 लोग अभी भी लापता हैं। उनकी तलाश के लिए 50 से अधिक बचावकर्मी अभियान चला रहे हैं। दोबारा हिमस्खलन के खतरे के बीच बचाव दल तलाश अभियान जारी रखे हुए हैं।

चार राज्यों की विस और असम की लोकसभा सीट पर उपचुनाव, 6 अक्टूबर को मतदान

- 9 अक्टूबर को होगी मतगणना; बंगाल की दो विधानसभा सीटों समेत कई सीटों पर चुनावी प्रक्रिया शुरू

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः चुनाव आयोग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों तथा असम की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इन सीटों पर 6 अक्टूबर को मतदान होगा, जबकि 9 अक्टूबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। आयोग के अनुसार, चुनाव की गजट अधिसूचना 9 सितंबर को जारी होगी और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 16 सितंबर निर्धारित की गई है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 11 अक्टूबर से पहले पूरी कर ली जाएगी। संबंधित जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है। तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम विधानसभा सीट, पुडुचेरी की थट्टानचावड़ी तथा पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। असम की नगांव लोकसभा सीट पर भी मतदान कराया जाएगा। मेघालय की शिलॉन्ग और पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट के लिए फिलहाल चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट के उपयोग की जानकारी दी है। मतदाताओं के लिए मतदाता पहचान पत्र मुख्य दस्तावेज रहेगा, हालांकि अन्य निर्धारित पहचान पत्रों का भी उपयोग किया जा सकेगा।

जहरीली शराब से मौतों के मामले में एसडीएम-एसडीओपी हटाए गए

- दो ब्रांड की शराब को लेकर जांच तेज, सात दुकानें सील कर नमूने जांच के लिए भेजे गए

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः बंडा क्षेत्र में संदिग्ध अमानक और अवैध शराब के सेवन से लोगों के बीमार होने और मौतों के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बंडा की एसडीएम आरती यादव और एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकि को हटा दिया गया है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लाइसेंसी ठेकेदारों समेत 30 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जांच में बंबइया व्हिस्की और सागर गोल्ड नाम के दो ब्रांड सामने आए हैं। पुलिस शराब के निर्माण, आपूर्ति और बिक्री के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। शिकायतों में इन ब्रांड की शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने और कुछ लोगों की मौत होने का उल्लेख है। प्रशासन ने बरेठी, बंडा, शाहगढ़, मगरधा, विनायका, दलपतपुर और बरायठा की सात शराब दुकानें सील कर दी हैं। शराब के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जांच में मौतों के वास्तविक कारण, शराब के निर्माण, भंडारण और जिम्मेदारों की भूमिका की जांच की जाएगी।

ट्रक की टक्कर से बच्चे समेत 6 की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, गोंदियाः महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक एसयूवी को टक्कर मार दी। हादसे में तीन साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। हादसे में एसयूवी सवार लोगों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पाक सेना की बर्बरता पीओके में हालात बिगड़े

श्रीनगर, एजेंसीः पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। यहां इंटरनेट सेवाएं बंद हैं, स्कूल नहीं खुल रहे और अस्पतालों में इलाज प्रभावित होने की बात सामने आई है। कामकाज भी ठप है, जिससे लोगों को राशन और दवाइयों जैसी जरूरी वस्तुओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में 5 जून से संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में प्रदर्शन जारी हैं। प्रदर्शनकारी विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इन आंदोलनों के दौरान तीन महीनों में 100 से अधिक लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई इलाकों में रास्तों और जरूरी सामान की आवाजाही पर भी पाबंदियां लगाई गई हैं। प्रदर्शन शुरू होने के बाद राजधानी मुजफ्फराबाद के अलावा रावलकोट, पुंछ और कोटली में इंटरनेट तथा ब्रॉडबैंड सेवाएं बंद कर दी गईं।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें भारत का एजेंट बताया जा रहा है।

रो पड़े स्पीकर, बीआरएस नेता गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर गद्दम प्रसाद सदन में भावुक होकर रो पड़े। यह घटना मंत्री सीताक्का द्वारा बीआरएस एमएलसी टाटा मधु की ओर से स्पीकर की दिवंगत मां पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी की निंदा के दौरान हुई।

बाद में सैफाबाद पुलिस ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। स्पीकर ने कहा कि मंत्री सीताक्का पिछले पांच वर्षों से उन्हें राखी बांध रही हैं और उन्हें रोता देखकर वह भी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर उसे विधान परिषद को भेजा जाएगा।

संघर्ष *नागरिक और आर्थिक ठिकानों को बनाया निशाना...*

सऊदी अरब के चार शहरों पर हूती हमला, 73 लोग घायल

सना, एजेंसीः यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के चार शहरों पर हमला किया, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 73 लोग घायल हो गए। हमलों के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज होने की आशंका बढ़ गई है।

हमले में अबहा, खमीस मुशैत, जाजान और नजरान के नागरिक और आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। अबहा हवाई अड्डे, किंग खालिद एयरबेस और अरामको की कुछ सुविधाओं पर भी हमले की खबर है। हमलों के बाद कुछ ऊर्जा प्रतिष्ठानों में आग

लगने और संचालन प्रभावित होने की जानकारी सामने आई।

इन हमलों से पहले हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर यमन के अल-हज्म शहर में एक जेल पर हमला करने का आरोप लगाया था। हूतियों के अनुसार, इस हमले में 11 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। जेल के वार्डन ने मलबे में एक महिला समेत 35 कैदियों के फंसे होने की जानकारी दी।

सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि हूतियों ने नागरिक और आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने इन हमलों को सऊदी की संप्रभुता के खिलाफ बताते हुए कहा कि गठबंधन इसका जवाब देगा और खतरे को रोकने के लिए जरूरी सैन्य कार्रवाई की जाएगी।

यमन में 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से संघर्षविराम हुआ था, जिसके बाद बड़े स्तर की लड़ाई कम हो गई थी। हालांकि दोनों पक्षों के बीच स्थायी शांति समझौता नहीं हो सका। वर्ष 2026 में हूतियों और सऊदी समर्थित यमनी सेना के बीच संघर्ष फिर तेज हो गया है।

ताजा विवाद 13 जुलाई को उस समय बढ़ा, जब ईरान से लौट रहे हूती नेताओं के विमान को सना हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद विमान को रास्ता बदलकर हूतियों के नियंत्रण वाले हूदैदाह हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा। इस घटना के बाद हूतियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया था।